कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस-नोट

दिनांक- 01.03.2023

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त सौरभ कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किये गये ओप्पो मोबाइल फोन (कीमती 15000/-रू0) व पर्स में रखा 6000/-रू0 नगद की शत प्रतिशत बरामदगी की गयी।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त काशी जोन कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर दिनांक 28.02.2023 को गायघाट पर गंगा जी में स्नान करने गये व्यक्ति का ओप्पो मोबाइल फोन (कीमत रुपये 15000/-) व पर्स में रखा नगद रुपये 6000/- की चोरी की घटना से सम्बन्धित मु0अ0सं0 31/2023 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्त सौरभ कुमार पुत्र सुनील प्रसाद निवासी ए 3/93 गोलाघाट मच्छोदरी थाना आदमपुर वाराणसी उम्र 19 वर्ष को दिनांक 01.03.2023 को समय करीब 10.35 बजे गायघाट के पास गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किये गये मोबाइल फोन व 6000/- रुपया नगद को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पंजीकृत अभियोग का विवरण- मु0अ0सं0- 0031/2023 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार अपराधी का विवरण- सौरभ कुमार पुत्र सुनील प्रसाद निवासी ए 3/93 गोलाघाट मच्छोदरी थाना आदमपुर वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

गिरफ्तार का स्थान, दिनांक व समय- स्थान- गायघाट की सीढियों के पास, दिनांक- 01.03.2023, समय करीब 10.35 बजे।

विवरण बरामदगी –

1. एक अदद OPPO कम्पनी का टच स्क्रीन मोबाइल फोन (कीमत 15000/- रुपया)।
2. 6000/- रुपया नगद।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री सुनील कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी गायघाट थाना कोतवाली, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 केदारनाथ, थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 राकेश कुमार थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
जोन-काशी,
कमिश्नरेट वाराणसी।